e-mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका सं0**– 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) सीतामढ़ी–24 / 2022 2801 **पटना, दिनांक**: 19/04/2023

## आदेश

दिनांक 20.12.2022 को निदेशालय मुख्यालय स्तर से बन्दोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी के अर्न्तगत शिविर बाजपट्टी–2 का जूम बैठक के माध्यम से समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि श्रीमती जेबा प्रवीण (Emp.ID-ASO00115), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी को आवंटित शिविर का प्रदर्शन अपेक्षाकृत प्रगति संतोषजनक नहीं है। इस आलोक में श्रीमति प्रवीण से कार्य के प्रति लापरवाही एवं शिथिलता बरतने के आरोप में स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। संबंधित कर्मी द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी। समीक्षोंपरान्त पाया गया कि इनके स्पष्टीकरण में उठाये गए तथ्य स्वीकार योग्य नहीं है। दिनांक 08.02.2023 तथा 27.03.2023 को भी पुनः जूम बैठक में इनके शिविर का सर्वेक्षण कार्य संतोषजनक नहीं है। इससे परिलक्षित होता है कि इनके द्वारा सर्वेक्षण कार्य में शिथिलता बरती जा रही है।

अतः कार्य में शिथिलता बरतने के आरोप में एवं भविष्य में सर्वेक्षण कार्य में सुधार लाने के दृष्टिगत श्रीमती जेबा प्रवीण (Emp.ID-ASO00115), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी का तत्काल 15 (पन्द्रह) दिनों का मानदेय कटौती की जाती है।

(जय सिंह) 18/4/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**– 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) सीतामढ़ी–24 / 2022 2801 **पटना, दिनांक** : 19/04/2023

**प्रतिलिपि** :– श्रीमती जेबा प्रवीण (Emp.ID-ASO00115), विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय सीतामढ़ी को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**– 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) सीतामढ़ी–24 / 2022 2801 **पटना, दिनांक** : 19/04/2023

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बन्दोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**– 01 / भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (संविदा) सीतामढ़ी–24 / 2022 2801 **पटना, दिनांक** : 19/04/2023

**प्रतिलिपि** :– श्रीमती सरिता कुमारी प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेश दिया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R के अर्न्तगत संधारित व्यक्तिगत संचिका में संधारित करें।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप 18/4/23

D:\Jyoti-2023\Bablu Sir\Order\Director\24-2022 13-04-2023.doc